Publication: **Khabron Ki Duniya** | Region: **Jaipur** | Date: **11/09/2014** | Page No.: **06**

रिलायंस लाइफइंश्योरेंस ने पेश की 'रिलायंस फिक्स्ड सेविंग्स'

नई दिल्ली। रिलायंस कैपिटल का हिस्सा रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस कंपनी (आरएलआईसी) ने आज एक यूनिक एंडाउमेंट बीमा प्लान 'रिलायंस फिक्स्ड सेविंग' पेश किया जो तय आय के जरिए भविष्य सुरक्षित करेगा।रिलायंस फिक्स्ड सेविंग एक नॉन लिंक्ड, नॉन पार्टिसिपेटिंग और नॉन वैरिएबल एंडाउमेंट बीमा प्लान है जो पॉलिसीधारक को एक समयावधि में सिस्टमेटिक बचत के सहारे भविष्य के लक्ष्यों को सुरक्षित करने के लिए बड़ी पूंजी बनाता है।नई बीमा योजना में गारंटीशुदा फायदे हैं, जिसमें तय नियमित अतिरिक्त आय है, जो हर साल जुड़ती है। प्लान की पूर्णावधि पर अतिरिक्त एकमुश्त राशि के साथ बीमित के परिवार की सुरक्षा के लिए कवर भी मिलता है।रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस के सीईओ अनूप राउ ने कहा, 'रिलायंस फिक्स्ड सेविंग को इस तरह डिजाइन किया गया है कि उपभेक्ता के जोखिम के विरुद्ध उसकी लंबी अवधि की बचत के मूल्य को बढ़ाए और रक्षा प्रदान करे। इसका अनूठापन यही है कि पॉलिसी की पूर्णावधि तक बीमा कवर के साथ तय नियमित अतिरिक्त राशि (फिक्स्ड रेग्यूलर एडिशन) प्रदान की जाती रहेगी। उपभेक्ता अपनी लंबी अवधि के लक्ष्यों के प्रति चिंता छोड़ दें, क्योंकि यहां उन्हें मालूम होगा कि भविष्य में कितनी वास्तविक राशि मिलेगी। रिलायंस फिक्स्ड सेविंग गारंटीशुदा फायदों के साथ पॉलिसी के पहले साल से ही तय नियमित अतिरिक्त राशि प्रदान करता है और पहले तीन साल तक बढ़ते क्रम में बचत होती है।

- परंपरागत प्लान जो 10 सालाना के हिसाब से न्यूनतम 10 साल तक दे फिक्स्ड रेग्यूलर एडिशन
- प्लान जो सुरक्षा कवर बढ़ाने के लिए पांच राइडर का गारंटीशुदा लाभ दे
- प्लान 8 साल से 60 साल की आयु वर्ग के उपभेक्ता के लिए उपलब्ध
- 25,000 रुपये का न्यूनतम सालाना प्रीमियम